**बिहार सरकार,**
**कृषि विभाग**

पत्र संख्या– CSTL/25/2017/ 604 /कृ0, पटना, दिनांक– 18/09/2019

प्रेषक,

**रवीन्द्र नाथ राय**
विशेष सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

**महालेखाकार, बिहार,**
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

(+) अनौपचारिक रुप से परामर्शित। द्वारा : **वित्त विभाग, बिहार, पटना।** (+)

**विषय :–** **केन्द्र प्रायोजित राष्ट्रीय संधारणीय कृषि मिशन के अंतर्गत मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना की 2018–19 की पुनर्वैधिकृत एवं 2018–19 की देयता के लिए संसूचित राशि से वित्तीय वर्ष 2019–20 में भुगतान हेतु केन्द्रांश मद में –443.08304 लाख रुपये, राज्यांश मद में 319.93857 लाख रुपये, कुल 763.02161 लाख (सात करोड़ तीरसठ लाख दो हजार एक सौ इकसठ) रुपये की निकासी एवं व्यय तथा वित्तीय वर्ष 2018–19 में निकासी की गई 1377.42539 लाख (तेरह करोड़ सतहत्तर लाख ब्यालीस हजार पाँच सौ उन्चालीस) रूपये की वित्तीय वर्ष 2019–20 में व्यय की स्वीकृति।**

ओदश :– स्वीकृत।

केन्द्र प्रायोजित राष्ट्रीय संधारणीय कृषि मिशन के अंतर्गत मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना की 2018–19 की पुनर्वैधिकृत एवं 2018–19 की देयता के लिए संसूचित राशि से वित्तीय वर्ष 2019–20 में भुगतान हेतु केन्द्रांश मद में –443.08304 लाख रुपये, राज्यांश मद में 319.93857 लाख रुपये, कुल 763.02161 लाख (सात करोड़ तीरसठ लाख दो हजार एक सौ इकसठ) रुपये की निकासी एवं व्यय तथा वित्तीय वर्ष 2018–19 में निकासी की गई 1377.42539 लाख (तेरह करोड़ सतहत्तर लाख ब्यालीस हजार पाँच सौ उन्चालीस) रूपये की वित्तीय वर्ष 2019–20 में व्यय की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. वित्तीय वर्ष 2018–19 में केन्द्र प्रायोजित राष्ट्रीय संधारणीय कृषि मिशन अंतर्गत मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के कार्यान्वयन हेतु केन्द्रांश मद में 1284.2682 लाख रूपये तथा राज्यांश मद में 856.1788 लाख रूपये कुल 2140.447 लाख रूपये की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति पत्र संख्या– CSTL/25/2017-623 दिनांक 01.10.2018 द्वारा दी गई थी। स्वीकृत्यादेश के आलोक में बिहार सरकार, कृषि विभाग के पत्र संख्या–52 (आवंटन) दिनांक 28.12.2018 द्वारा केन्द्रांश मद में 967.50 लाख रूपये तथा राज्यांश मद में 645.00 लाख रूपये कुल 1612.50 लाख रूपये का आवंटन उपलब्ध कराया गया था। वित्तीय वर्ष 2018–19 में उक्त स्वीकृत्यादेश के अनुरूप योजना का कार्यान्वयन किया गया परन्तु महालेखाकार, बिहार, पटना से पूर्व के वर्षों के उपयोगिता प्रमाण पत्र का समायोजन नहीं होने के कारण उपलब्ध आवंटन से वर्ष 2018–19 में केन्द्रांश मद में 841.18516 लाख रूपये तथा राज्यांश मद में 536.24023 लाख रूपये कुल 1377.42539 लाख रूपये मात्र की निकासी हो पाई एवं अवशेष केन्द्रांश 126.31484 लाख रूपये तथा राज्यांश 108.75977 लाख रूपये कुल 235.07461 लाख रूपये की निकासी नहीं हो पाई। वित्तीय वर्ष के अन्त में राशि निकासी होने के कारण निकासी की गई राशि का व्यय नहीं हो सका। वित्तीय वर्ष 2018–19 के अंत में निकासी की गई राशि 1377.42539 लाख रूपये का भारत सरकार से पुनर्वैधीकरण के आलोक में वित्तीय वर्ष 2019–20 में व्यय किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2019–20 में भारत सरकार के पत्रांक 2–2/2018 Fert Use दिनांक 30–04–2019 द्वारा वित्तीय वर्ष 2018–19 की देयता के लिए 322.60 लाख रूपये का उद्व्यय संसूचित है। कार्यक्रम के घटक, वित्तीय एवं भौतिक लक्ष्य तथा दर विगत वर्ष की स्वीकृत्यादेश CSTL/25/2017-623 दिनांक 01.10.2018 के अनुसार है। भारत सरकार से संसूचित केन्द्रांश मद में उद्व्यय 322.60 लाख रूपये में से 316.7682 लाख रूपये तथा वित्तीय वर्ष 2018–19 की अवशेष केन्द्रांश राशि 126.31484 लाख रूपये कुल 443.08304 लाख रूपये केन्द्रांश तथा 319.93857 लाख रुपये राज्यांश कुल 763.02161 लाख रूपये से ही योजना का कार्यान्वयन किया जायेगा।

3. सहायक निदेशक (रसायन), मिट्टी जाँच प्रयोगशाला, गया, सिवान, लखीसराय तथा जमुई द्वारा वर्ष 2018–19 में राज्यांश के राशि की निकासी नहीं किये जाने के कारण केन्द्रांश एवं राज्यांश की राशि निर्धारित 60:40 के अनुपात में नहीं है। राज्यांश की राशि इस अनुपात से अधिक है।

4. भारत सरकार के पत्रांक 2–1/2019 Fert Use दिनांक 12.04.2019 द्वारा केन्द्रांश मद की राशि 967.50 लाख रूपये का 2019–20 में व्यय हेतु पुनर्वैधिकरण किया गया है।

5. स्वीकृत राशि से 2018–19 की देयता का भुगतान वर्त्तमान वित्तीय वर्ष में किया जा सकेगा।

6. तत्काल वित्तीय वर्ष 2018–19 की पुनर्वैधिकृत अवशेष राशि के अंतर्गत आवंटन आदेश निर्गत किया जाएगा। विगत वर्ष की देयता के लिए भारत सरकार से केन्द्रांश मद में राशि विमुक्त होने के पश्चात् ही समानुपातिक राज्यांश की राशि सहित, अलग से आवंटन आदेश निर्गत किया जाएगा।

7. भारत सरकार के पत्रांक 16–6/2016 Fert Use दिनांक 29–08–2016 के अनुसार इस योजनान्तर्गत आवर्ती व्यय के रूप में प्रति नमूना 300 रू0 का प्रावधान है। प्रति नमूना जिसका मदवार ब्यौरा निम्नवत है :–

| क्रमांक | कार्य मद | व्यय सीमा (रु० प्रति नमूना) |
|---|---|---|
| 1 | नमूनाकरण लागत | 40.00 |
| 2 | संविदा पर कार्यरत मानव बल के मानदेय एवं प्रशिक्षण | 37.00 |
| 3 | नमूना विश्लेषण रसायन एवं अन्यान्य | 150.00 |
| 4 | कार्ड प्रींटिंग प्रति नमूना | 50.00 |
| 5 | कार्ड वितरण प्रति नमूना | 10.00 |
| 6 | प्रत्यक्षण | 5.00 |
| 7 | जागरुकता/मिशन मैनेजमेंट/प्रचार प्रसार | 4.00 |
| 8 | जी०पी०एस० यंत्र | 4.00 |
| | **एक नमूना के विशलेषण पर कुल लागत** | **300.00** |

7.1 कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या 16–6/2016 19 (I) Fert Use दिनांक 23.11.2016 द्वारा उक्त मदों में Intercomponent flexibility की स्वतंत्रता दी गई है। आवश्यकतानुसार प्रत्येक नमूना के लिए निर्धारित व्यय सीमा 300/– रूपये प्रति नमूना के अंतर्गत Intercomponent flexibility का उपयोग किया जा सकता है।

7.2 मृदा सुधारक हेतु रु० 2500/– हेक्टर की दर से 3460 हेक्टर में रुपये 86.50 लाख व्यय किया जाएगा।

7.3 नमूनों के विश्लेषण हेतु मिट्टी रसायनज्ञों को प्रशिक्षण दिया जाना है। इसके लिए कुल 22 प्रशिक्षण (20 के बैच में) के लिए 60,000 रु० प्रति प्रशिक्षण की दर से रुपये 13.20 लाख की राशि का प्रावधान किया गया है।

7.4 किसानों के क्षमता संर्वद्वन हेतु 24,000 रु० प्रति प्रशिक्षण की दर से कुल 25 प्रशिक्षण के लिए रुपये 6.00 लाख की राशि का प्रावधान किया गया है।

7.5 प्रसार कर्मियों/प्रयोगशाला कर्मी के क्षमता संर्वद्धन हेतु 36,000 रु० प्रति प्रशिक्षण की दर से कुल 21 प्रशिक्षण के लिए रुपये 7.56 लाख की राशि का प्रावधान किया गया है।

7.6 समेकित संचार तकनीक अंतर्गत (ICT) 20.55 लाख रु० का प्रावधान किया गया है।

7.7 मिशन प्रबंधन में 41.97 लाख रु० का प्रावधान किया गया है जिसमें 12.237 लाख रुपये रेफरल नमूनों के जाँच के व्यय का प्रावधान मिशन मैनेजमेंट में निर्धारित मद से ही किया जा रहा है जिससे राज्य में अधिसूचित केन्द्रीय मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला पटना के आलावा अन्य दो रेफरल प्रयोगशाला डा० राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविधालय, पूसा एवं बिहार कृषि विश्वविधालय, सबौर को भी रेफरी नमूना की संख्या एवं माँग के अनुरुप राशि की निकासी संयुक्त निदेशक (रसायन) द्वारा विकास भवन कोषागार से निकासी कर भुगतान की जायगी।

7.8 अनुसूची–1 में वर्णित घटकों में जो भी राशि अवशेष रहती है उसका व्यय स्वायल फर्टिलिटी मैप के निर्माण के लिए किया जा सकेगा।

7.9 मिट्टी रसायनज्ञों का प्रशिक्षण, राज्य स्तरीय कार्यशाला, आई0सी0टी0 के अतिरिक्त मिशन मैनेजमेंट में 29.733 लाख रूपये की कर्णांकित राशि कृषि निदेशक द्वारा बामेती से पूर्व प्राप्ति रसीद प्राप्त कर निकासी की जायगी और इसे बामेती के पी0 एल0 खाता संख्या – 278 में स्थानांतरित किया जायगा जिसे कृषि निदेशक के परामर्श पर व्यय किया जायेगा।

8. जिलावार घटकवार भौतिक एवं वित्तीय विवरणी तथा मदवार देयता का विवरण अनुसूची–1 के रूप में संलग्न है। कोटिवार राशि का ब्यौरा एवं निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की सूची अनुसूची–2 के रूप में संलग्न है। इसमें अनुसूचित जन जाति घटक का आवंटन मात्र वैसे जिलों में समानुपातिक रुप से किया जा रहा है जिन जिलों की जनसंख्या जनगणना 2011 के अनुसार दस हजार से अधिक है।

9. आवंटित राशि की निकासी संबद्ध प्रयोगशालाओं के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा संबंधित कोषागार से की जायगी तथा संबंधित मद में व्यय किया जायेगा। व्यय के उपरान्त निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी के द्वारा उपयोगिता प्रमाण–पत्र बजट पदाधिकारी, कृषि विभाग, बिहार एवं महालेखाकार, बिहार, पटना को उपलब्ध कराया जाएगा।

10. योजना के कार्यान्वयन के लिए कार्यान्वयन अनुदेश पत्रांक NMSA (को०)/18/2015/383 दिनांक 17 मई 2017 द्वारा निर्गत है जो वित्तीय वर्ष 2019–20 में भी लागू रहेगा। आवश्यकतानुसार कार्यान्वयन अनुदेश में प्रशासी विभाग द्वारा समय समय पर संशोधन किया जा सकेगा।

11. योजना कार्यान्वयन की आवश्यकता के अनुसार प्रशासी विभाग द्वारा भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य में यथा आवश्यक संशोधन किया जा सकता है।

12. यह योजना वर्ष 2018–19 की योजना है जिस पर वर्ष 2018–19 में राज्य स्तरीय कार्यकारीणी समिति का अनुमोदन प्राप्त है। विगत वर्ष की राज्य स्तरीय कार्यकारिणी समिति से स्वीकृत कार्य योजना के अनुसार ही इस योजना का कार्यान्वयन किया जा रहा है।

13. बजट शीर्ष एवं बजट उपबंध निम्न प्रकार है :–

(राशि लाख रुपये में)

| बजट शीर्ष | उपबंधित राशि | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|
| केन्द्रांश | | |
| मुख्य शीर्ष "2401–फसल कृषि कर्म, उप मुख्य शीर्ष 00, लघु शीर्ष 105–खाद तथा उर्वरक, माँग संख्या– 01,उप शीर्ष 0207 – राष्ट्रीय संधारणीय कृषि मिशन विपत्र कोड–**01-2401001050207** ,पी०एफ०एम०एस० कोड 2009 विषय शीर्ष–31–सहायता अनुदान 0207.31.06 सहायक अनुदान– गैर वेतन" | 1660.00 | 363.55282 |
| मुख्य शीर्ष "2401–फसल कृषि कर्म, उप मुख्य शीर्ष 00, लघु शीर्ष 789–अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना , माँग संख्या– 01, उप शीर्ष 0238–राष्ट्रीय संधारणीय कृषि मिशन विपत्र कोड–**01-2401007890238**, पी०एफ०एम०एस० कोड 2009 विषय शीर्ष–31–सहायता अनुदान 0238.31.06 सहायक अनुदान– गैर वेतन" | 320.00 | 75.39748 |
| मुख्य शीर्ष 2401–फसल कृषि कर्म, उप मुख्य शीर्ष 00, लघु शीर्ष 796–जनजातिय क्षेत्र उप योजना, माँग संख्या– 01, उप शीर्ष 0258–राष्ट्रीय संधारणीय कृषि मिशन विपत्र कोड–**01-2401007960258**, पी०एफ०एम०एस० कोड 2009 विषय शीर्ष–31–सहायता अनुदान 0258.31.06 सहायक अनुदान – गैर वेतन | 20.00 | 4.13274 |
| **कुल केन्द्रांश** | **2000.00** | **443.08304** |
| | | |

| राज्यांश | | |
|---|---|---|
| "मुख्य शीर्ष 2401–फ़सल कृषि कर्म, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–105–खाद तथा उर्वरक, माँग संख्या– 01, उप शीर्ष–0307–राष्ट्रीय संधारणीय कृषि मिशन विपत्र कोड–**01-2401001050307,** पी०एफ०एम०एस० कोड 2009 विषय शीर्ष–31–सहायता अनुदान 0307.31.06 सहायक अनुदान– गैर वेतन " | 1029.20 | 263.62027 |
| मुख्य शीर्ष 2401–फसल कृषि कर्म, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–789–अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना माँग संख्या–01,उप शीर्ष– 0338–राष्ट्रीय संधारणीय कृषि मिशन विपत्र कोड– **01-2401007890338,** पी०एफ०एम०एस० कोड 2009, विषय शीर्ष–31–सहायता अनुदान 0338.31.06 सहायक अनुदान –गैर वेतन" | 198.40 | 53.56462 |
| मुख्य शीर्ष 2401–फसल कृषि कर्म, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–796–जनजातीय क्षेत्र उपयोजना, माँग संख्या– 01, उप शीर्ष–0358–राष्ट्रीय संधारणीय कृषि मिशन विपत्र कोड– **01-2401007960358,** पी०एफ०एम०एस० कोड 2009, विषय शीर्ष–31–सहायता अनुदान 0358.31.06 सहायक अनुदान– गैर वेतन | 12.40 | 2.75368 |
| **कुल राज्यांश** | **1240.00** | **319.93857** |
| **सकल योग** | **3240.00** | **763.02161** |

14. वित्त विभाग के संकल्प संख्या–3758 दिनांक 31.05.2017 के 7 (क) में निहित प्रावधान के आलोक में यह चालू योजना है। योजना के कार्यान्वयन के प्रस्ताव में माननीय मंत्री, कृषि का संचिका संख्या – सी0एस0टी0एल0–25/2017 के पृ०सं0–74/टि0 पर दिनांक–27.06.2019 को अनुमोदन प्राप्त है।

15. वित्त विभागीय परिपत्र संख्या–7355 वि0 (2) दिनांक 05.10.2007 के आलोक में महालेखाकार, बिहार, पटना से प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

16. स्वीकृत्यादेश में आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सशर्त्त सहमति संचिका संख्या–CSTL/25/2017 के पृ०सं0–84/टि० पर दिनांक–22.08.2019 को प्राप्त है, जिसका डायरी संख्या–140 दिनांक 19.08.2019 है। आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सशर्त्त सहमति के आलोक में संशोधित स्वीकृत्यादेश पर सचिव, कृषि का अनुमोदन संचिका संख्या– CSTL/25/2017 के पृ०सं0–87/टि० पर दिनांक–06.09.2019 को प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

Rabindra 12.9.19

(रवीन्द्र नाथ राय)
विशेष सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– CSTL/25/2017/604 /कृ0, पटना, दिनांक– 18/09/ 2019

प्रतिलिपि : प्रभारी पदाधिकारी, अंकेक्षण, महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Rabindra 12.9.19

विशेष सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– CSTL/25/2017/604 /कृ0, पटना, दिनांक– 18/09/2019

प्रतिलिपि : योजना एवं विकास विभाग/मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग एवं वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

12-9.19

विशेष सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– CSTL/25/2017/604 /कृ0, पटना, दिनांक– 18/09/2019

प्रतिलिपि : सभी संबंधित कोषागार पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

12-9.19

विशेष सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– CSTL/25/2017/604 /कृ0, पटना, दिनांक– 18/09/2019

प्रतिलिपि :– माननीय मंत्री, कृषि के आप्त सचिव/कृषि उत्पादन आयुक्त के प्रधान आप्त सचिव/प्रधान सचिव, कृषि के आप्त सचिव/कृषि निदेशक, बिहार, पटना/निदेशक पी०पी०एम०, कृषि विभाग, पटना/संयुक्त निदेशक शष्य, (योजना), बिहार, पटना/संयुक्त निदेशक, रसायन, मिट्टी जाँच प्रयोगशाला, बिहार, पटना/उप निदेशक,रसायन मिट्टी जाँच प्रयोगशाला, बिहार, पटना/संयुक्त निदेशक, (शष्य), सहरसा प्रमण्डल, सहरसा/उप निदेशक (शष्य), प्रक्षेत्र, आरा/पूर्णियाँ/सभी जिला कृषि पदाधिकारी/सभी सहायक निदेशक (रसायन), मिट्टी जाँच प्रयोगशाला/बजट एवं योजना शाखा, सचिवालय एवं कृषि निदेशालय, कृषि विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

12-9.19

विशेष सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– CSTL/25/2017/604 /कृ0, पटना, दिनांक– 18/09/2019

प्रतिलिपि– उप कृषि निदेशक(सूचना), बिहार, पटना को विभाग के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

12.9.19

विशेष सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

अनुसूची–2

## कोटिवार एवं निकासी एवं व्ययन पदाधिकारीवार राशि की सूची

(राशि रुपये में)

| क्र० सं० | जिला का नाम | निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी | केन्द्रांश | | | | राज्यांश | | | | सकल योग | कोषागार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सामान्य | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | कुल | सामान्य | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | कुल | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | पटना | सहायक निदेशक (रसायन) | 2913826 | 555014 | 0 | 3468840 | 1942550 | 370010 | 0 | 2312560 | 5781400 | जिला कोषागार |
| 2 | नालन्दा | सहायक निदेशक (रसायन) | 768999 | 140583 | 0 | 909582 | 512666 | 93722 | 0 | 606388 | 1515970 | जिला कोषागार |
| 3 | भोजपुर | उप निदेशक (प्रक्षेत्र) | 885847 | 161682 | 0 | 1047529 | 590565 | 107788 | 0 | 698353 | 1745882 | जिला कोषागार |
| 4 | बक्सर | सहायक निदेशक (रसायन) | 2671502 | 508858 | 0 | 3180360 | 1781002 | 339238 | 0 | 2120240 | 5300600 | जिला कोषागार |
| 5 | रोहतास | सहायक निदेशक (रसायन) | 938639 | 180674 | 12665 | 1131978 | 625760 | 120449 | 8443 | 754652 | 1886630 | जिला कोषागार |
| 6 | भभुआ (कैमुर) | सहायक निदेशक (रसायन) | 623735 | 125688 | 15824 | 765247 | 415823 | 83792 | 10550 | 510165 | 1275412 | जिला कोषागार |
| 7 | गया | सहायक निदेशक (रसायन) | 500679 | 91773 | 0 | 592452 | 333787 | 267110 | 0 | 600897 | 1193349 | जिला कोषागार |
| 8 | अरवल | सहायक निदेशक (रसायन) | 857354 | 163306 | 0 | 1020660 | 571570 | 108870 | 0 | 680440 | 1701100 | जिला कोषागार |
| 9 | औरंगाबाद | सहायक निदेशक (रसायन) | 1151795 | 210204 | 0 | 1361999 | 767863 | 140136 | 0 | 907999 | 2269998 | जिला कोषागार |
| 10 | नवादा | सहायक निदेशक (रसायन) | 477922 | 87486 | 0 | 565408 | 318614 | 58324 | 0 | 376938 | 942346 | जिला कोषागार |
| 11 | जहानाबाद | सहायक निदेशक (रसायन) | 266990 | 49171 | 0 | 316161 | 177993 | 32781 | 0 | 210774 | 526935 | जिला कोषागार |
| 12 | सारण | सहायक निदेशक (रसायन) | 846311 | 154639 | 0 | 1000950 | 564207 | 103094 | 0 | 667301 | 1668251 | जिला कोषागार |
| 13 | सिवान | सहायक निदेशक (रसायन) | 799864 | 684317 | 6575 | 1490756 | 2377985 | 456211 | 4236 | 2838432 | 4329188 | जिला कोषागार |
| 14 | गोपालगंज | सहायक निदेशक (रसायन) | 736975 | 134654 | 0 | 871629 | 491317 | 89769 | 0 | 581086 | 1452715 | जिला कोषागार |
| 15 | मुजफ्फरपुर | सहायक निदेशक (रसायन) | 947263 | 173003 | 0 | 1120266 | 631508 | 115336 | 0 | 746844 | 1867110 | जिला कोषागार |
| 16 | पू० चम्पारण | सहायक निदेशक (रसायन) | 1161816 | 212053 | 0 | 1373869 | 774544 | 141367 | 0 | 915911 | 2289780 | जिला कोषागार |
| 17 | प० चम्पारण | सहायक निदेशक (रसायन) | 716646 | 147254 | 22143 | 886043 | 477765 | 98169 | 14761 | 590695 | 1476738 | जिला कोषागार |
| 18 | सीतामढ़ी | सहायक निदेशक (रसायन) | 502872 | 92015 | 0 | 594887 | 335248 | 61344 | 0 | 396592 | 991479 | जिला कोषागार |
| 19 | शिवहर | सहायक निदेशक (रसायन) | 112742 | 21112 | 0 | 133854 | 75161 | 14075 | 0 | 89236 | 223090 | जिला कोषागार |
| 20 | वैशाली | सहायक निदेशक (रसायन) | 613293 | 112110 | 0 | 725403 | 408863 | 74739 | 0 | 483602 | 1209005 | जिला कोषागार |
| 21 | लक्खीसराय | सहायक निदेशक (रसायन) | 302227 | 55578 | 0 | 357805 | 201485 | 161088 | 0 | 362573 | 720378 | जिला कोषागार |
| 22 | शेखपुरा | सहायक निदेशक (रसायन) | 860832 | 163968 | 0 | 1024800 | 573888 | 109312 | 0 | 683200 | 1708000 | जिला कोषागार |
| 23 | मुंगेर | सहायक निदेशक (रसायन) | 977133 | 193459 | 38528 | 1209120 | 651422 | 128973 | 25685 | 806080 | 2015200 | जिला कोषागार |
| 24 | जमुई | सहायक निदेशक (रसायन) | 6900 | 25165 | 31621 | 63686 | 285024 | 16776 | 21081 | 322881 | 386567 | जिला कोषागार |
| 25 | खगड़िया | जिला कृषि पदाधिकारी | 539660 | 98765 | 0 | 638425 | 359774 | 65843 | 0 | 425617 | 1064042 | जिला कोषागार |
| 26 | बेगूसराय | सहायक निदेशक (रसायन) | 637017 | 116418 | 0 | 753435 | 424678 | 77612 | 0 | 502290 | 1255725 | जिला कोषागार |
| 27 | दरभंगा | सहायक निदेशक (रसायन) | 792375 | 144677 | 0 | 937052 | 528249 | 96452 | 0 | 624701 | 1561753 | जिला कोषागार |
| 28 | मधुबनी | सहायक निदेशक (रसायन) | 847247 | 154657 | 0 | 1001904 | 564832 | 103104 | 0 | 667936 | 1669840 | जिला कोषागार |
| 29 | समस्तीपुर | सहायक निदेशक (रसायन) | 934175 | 170625 | 0 | 1104800 | 622789 | 113753 | 0 | 736542 | 1841342 | जिला कोषागार |
| 30 | सहरसा | संयुक्त निदेशक (शष्य) | 555993 | 101679 | 0 | 657672 | 370661 | 67787 | 0 | 438448 | 1096120 | जिला कोषागार |
| 31 | सुपौल | सहायक निदेशक (रसायन) | 687218 | 125563 | 0 | 812781 | 458145 | 83705 | 0 | 541850 | 1354631 | जिला कोषागार |
| 32 | मधेपुरा | सहायक निदेशक (रसायन) | 2634559 | 501821 | 0 | 3136380 | 1756373 | 334547 | 0 | 2090920 | 5227300 | जिला कोषागार |
| 33 | पूर्णियाँ | उप निदेशक (प्रक्षेत्र) | 601105 | 149599 | 53736 | 804440 | 400738 | 99732 | 35823 | 536293 | 1340733 | जिला कोषागार |
| 34 | किशनगंज | सहायक निदेशक (रसायन) | 1512015 | 305126 | 89899 | 1907040 | 1008009 | 203418 | 59933 | 1271360 | 3178400 | जिला कोषागार |
| 35 | अररिया | सहायक निदेशक (रसायन) | 651726 | 130778 | 15824 | 798328 | 434484 | 87185 | 10550 | 532219 | 1330547 | जिला कोषागार |
| 36 | कटिहार | सहायक निदेशक (रसायन) | 569458 | 153238 | 66377 | 789073 | 379638 | 102159 | 44251 | 526048 | 1315121 | जिला कोषागार |
| 37 | भागलपुर | सहायक निदेशक (रसायन) | 319107 | 77276 | 25302 | 421685 | 212737 | 51519 | 16868 | 281124 | 702809 | जिला कोषागार |
| 38 | बाँका | सहायक निदेशक (रसायन) | 539577 | 124448 | 34780 | 698805 | 359718 | 82965 | 23187 | 465870 | 1164675 | जिला कोषागार |
| 39 | केन्द्रीय मि०प०प्र० | संयुक्त निदेशक (रसायन) | 616745 | 117475 | 0 | 734220 | 411163 | 78317 | 0 | 489480 | 1223700 | विकास भवन पटना |
| 40 | कृषि निदेशक | | 3275143 | 623837 | 0 | 3898980 | 2183429 | 415891 | 0 | 2599320 | 6498300 | विकास भवन पटना |
| Total | | | 36355282 | 7539748 | 413274 | 44308304 | 26362027 | 5356462 | 275368 | 31993857 | 76302161 | |